MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following Members associated themselves with the Special Mention made by hon. Member, Dr. Laxmikant Bajpayee: Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh) and Shri Amar Pal Maurya (Uttar Pradesh). Shri Ramji Lal Suman. Demand to Provide Seeds to Farmers at rates of Minimum Support Price.

### Demand to provide seeds to farmers at rates of minimum support price

**श्री रामजी लाल सुमन** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, सर्वविदित है कि किसान महंगी दरों पर बीज खरीदकर फसल पैदा करता है। सहकारी समितियां देश में सभी किसानों तक अपनी पहुंच बनाने में नाकाम रही हैं, जिसके कारण किसान बाजार से अत्यधिक महंगी दरों पर बीज खरीदने के लिए मजबूर हैं।

खरीफ का बीज हो या रबी का, हर फसल के विभिन्न बीज देशी एवं विदेशी कंपनियां बाजार में बेच रही हैं। बीजों की दरों पर किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं है। कंपनियों से बिचौलिए बीज खरीद कर मनमर्ज़ी दामों पर बाजार में किसानों को बेचते हैं, जिसे न चाहते हुए किसान खरीद कर अपने खेतों में लगाते हैं। वहीं दूसरी ओर किसान अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी नीचे की दरों पर बेचने के लिए बाध्य होता है।

सदन के माध्यम से मेरी मांग है कि सरकार सभी बीजों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर - जो सरकार प्रति वर्ष स्वयं तय करती है, उसी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों को बीज उपलब्ध कराए, जिससे कृषि कार्यों पर महंगाई की मार किसानों को न झेलनी पड़े, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following Members associated themselves with the Special Mention made by hon. Member, Shri Ramji Lal Suman: Shri Haris Beeran (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala), Shri R. Girirajan (Tamil Nadu), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu) and Dr. John Brittas (Kerala). Shri Mahendra Bhatt. Demand to include Yoga Education in Central Government Education Curriculum.

### Demand for inclusion of Yoga Education in Central Government Education curriculum

**श्री महेंद्र भट्ट** (उत्तराखंड) : महोदय, 21 जून योग दिवस के बाद योग शिक्षा के महत्व को पूरे विश्व ने जाना है। अपने जीवन को स्वस्थ एवं दीर्घायु बनाए रखने के लिए प्रत्येक दिन योग का महत्व जीवन के लिए अनिवार्य महसूस हो रहा है। महोदय, आज के व्यस्ततम जीवन में अपने शरीर के लिए समय निकालना जटिल एवं कठिन प्रतीत होता जा रहा है। आदत में योग को लाना केवल विद्यार्थी जीवन की शिक्षा से ही सम्भव है। महोदय, उत्तराखंड सरकार ने इस दिशा में प्रयास किया है, वहां माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा में योग शिक्षा के लिए शिक्षित योग शिक्षकों को नियुक्ति देना शुरू किया है।